कुलपति ने परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

सहारा न्यूज ब्यूरो

- यूटीयू की सेमेस्टर परीक्षाएं आज से शुरू
- डिजिटल माध्यम से भेजे केन्द्रों पर प्रश्न पत्र

देहरादून।
वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) की सेमेस्टर परीक्षाएं बृहस्पतिवार से शुरू हो गई है। पहले दिन लॉ पाठ्यक्रम की विषम सेमेस्टर परीक्षाएं हुई। वहीं बीटेक, फार्मेसी, मैनेजमेंट व होटल मैनेजमेंट की सेमेस्टर परीक्षाएं 16 जनवरी से शुरू होगी।

कुलपति प्रो.ओंकार संह ने नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए सुबह की पाली में जागरण स्कूल ऑफ लॉ व द्वितीय पाली में हरिद्वार रोड़ स्थित जगन्नाथ विश्व लॉ कालेज परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किया। कुलपति ने केन्द्र के अध्यक्षों, पर्यविक्षकों एवं कक्ष निरीक्षकों को परीक्षाओं के संचालन व सम्पादन में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरतने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि केन्द्र अध्यक्ष, पर्यविक्षक व कक्ष निरीक्षक नकल विहीन परीक्षाएं कराने के लिए उत्तरदायी है।


परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करते कुलपति।

कुलपति प्रो.ओंकार सिंह ने कहा कि विवि ने गोपनीयता का ध्यान रखते हुए पहली बार डिजिटल माध्यम से इनक्रिप्टेड रूपे में प्रश्न पत्रों को परीक्षा केन्द्रों तक पहुंचाया। इसके साथ ही परीक्षार्थियों की आनलाइन उपस्थिति का रिकार्ड भी परीक्षा केन्द्रों से लिया।